शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादक : संजय बघेल




गुरुवार 23 अप्रैल 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in • वर्ष : 10 • अंक : 352 • पृष्ठ : 06 • मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सीएम नादेंडला भास्कर राव का निधन

**अमरावती।** संयुक्त आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नादेंडला भास्कर राव का बुधवार को 91 साल की उम्र में निधन हो गया। भास्कर राव 1984 में थोड़े समय के लिए आंध्र प्रदेश के 11वें मुख्यमंत्री रहे थे। वे 1998 में कांग्रेस टिकट पर लोकसभा सांसद बने थे। वे 6 जुलाई 2019 को भाजपा में शामिल हुए थे। उनके बेटे नादेंडला मनोहर विधायक हैं और आंध्र की चंद्रबाबू नायडू सरकार में मंत्री हैं। तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने उनके निधन पर शोक जताया है और परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने भी भास्कर राव के निधन पर दुख व्यक्त किया।

### होमस्टे में अमेरिकी महिला से रेप, स्टाफ और मालिक गिरफ्तार

**कोडागु।** कर्नाटक के कोडागु जिले के कुट्टा गांव स्थित एक होमस्टे में अमेरिकी महिला के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि घटना करीब एक हफ्ते पहले हुई थी। पुलिस के अनुसार, होमस्टे में काम करने वाले एक स्टाफ को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी झारखंड का रहने वाला है। पुलिस ने होमस्टे के मालिक को भी गिरफ्तार किया गया है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने उसे ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया और रेप किया। जब उसने होमस्टे मालिक से शिकायत की, तो उसने मामला दबाने की कोशिश की।

### रितेश और जेनेलिया देशमुख एमएसआरटीसी के ब्रांड एंबेसडर बने

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख और जेनेलिया देशमुख को महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। दोनों अगले पांच साल तक एंबेसडर बने रहेंगे। वे सड़क सुरक्षा, यात्रियों को जागरूक करेंगे। इसके अलावा सामाजिक संदेशों से जुड़े अभियानों में हिस्सा लेंगे। एमएसआरटीसी देश की सबसे बड़ी सड़क परिवहन संस्था है, जिसके पास 16 हजार से ज्यादा बसें हैं और करीब 86 हजार कर्मचारी काम करते हैं।

राष्ट्रबाण

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# केदारनाथ धाम के 181 दिन बाद खुले कपाट



● सेना ने हेलिकॉप्टर से बरसाए फूल; बद्रीनाथ पहुंची डोलियां, कल खुलेंगे कपाट

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**चारधाम** यात्रा के चौथे दिन बुधवार सुबह 8 बजे केदारनाथ धाम के कपाट विधिवत खोल दिए गए हैं। परंपरा के अनुसार सबसे पहले मंदिर के पूर्व द्वार को खोला गया और मुख्य पुजारी, रावल व हक-हकूकधारियों ने अंदर प्रवेश कर पूजा-अर्चना शुरू की। इस दौरान पिछले साल कपाट बंद करते समय ज्योतिर्लिंग पर लगाई गई भस्म को हटाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में बांटा गया।

कपाट खुलने के मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धाम में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम की पहली पूजा कराई। वैदिक विधि-विधान के साथ पूजा प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंदिर के मुख्य द्वार अब आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए और दर्शन शुरू हो गए हैं। वहीं, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने नियमों की अनदेखी करने पर फाटा, सिरसी और गुप्तकाशी से संचालित होने वाली सभी हेली सेवाओं पर दोपहर तक रोक लगा दी थी। जांच के बाद रोक हटा दी गई थी। शंकराचार्य की गद्दी, उद्धव और कुबेर की उत्सव डोलियां चमोली जिले के पांडुकेश्वर से 20 किलोमीटर की यात्रा कर बद्रीनाथ धाम पहुंच चुकी हैं। अब कल सुबह 6 बजे बद्रीनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे।

### 149 दिन बाद बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे

जोशीमठ स्थित नरसिंह मंदिर में मंगलवार, 21 अप्रैल को पंच पूजा के बाद आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी और विष्णु वाहन भगवान गरुड़ जी की डोली ने भू-वैकुंठ बद्रीनाथ धाम के लिए प्रस्थान किया। डोली यात्रा के मार्ग के तहत मंगलवार शाम को ये डोलियां पहले पांडुकेश्वर पहुंचीं, जहां भगवान कुबेर और उद्धव जी की शीतकालीन पूजा स्थली स्थित है। यहां जोशीमठ से आई डोलियों का कुबेर व उद्धव जी की डोलियों के साथ मिलन हुआ। पांडुकेश्वर में रात्रि प्रवास के बाद, आज (बुधवार) विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भगवान शंकराचार्य की गद्दी, भगवान गरुड़, कुबेर जी और उद्धव जी की ये संयुक्त देव डोलियां बद्रीनाथ धाम के लिए रवाना हुईं। ये सभी डोलियां बद्रीनाथ धाम पहुंच चुकी हैं। इसके बाद अब 23 अप्रैल को सुबह 6:15 बजे मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इससे पहले बद्रीनाथ धाम के कपाट 25 नवंबर 2025 को दोपहर 2:56 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए थे।

### 16 क्विंटल फूलों से सजाया जा रहा बद्रीनाथ धाम




बद्रीनाथ धाम को 16 क्विंटल गेंदे के फूलों से भव्य रूप में सजाया जा रहा है। सजावट को खास बनाने के लिए कोलकाता से विशेष गुलाब के फूल मंगाए गए हैं। साथ ही, भगवान बद्री विशाल की विशेष पूजा-अर्चना के लिए तुलसी भी बंगाल से ही मंगाई गई है।

# मप्र में मरीजों के परिजनों के लिए बनेंगे शेल्टर होम

## सस्ती दरों पर रुकने और खाने की व्यवस्था मिलेगी; किसानों को मिलेगा 4 गुना मुआवजा

भोपाल | एजेंसी
rashtrabaan.in

**भोपाल** में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट ने मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में मरीजों के परिजनों के लिए शेल्टर होम बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। शेल्टर होम में मरीज के परिजनों को रुकने और खाने की व्यवस्था सस्ती दरों पर मिल सकेगी।

यह व्यवस्था निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों में भी लागू होगी। बैठक में यह भी तय हुआ है कि अगले 5 सालों में सभी मेडिकल कॉलेजों में कैथ लैब और ऑर्गन ट्रांसप्लांट जैसी सुविधाओं के विकास पर करीब 2 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वहीं, राज्य में अलग-अलग निर्माण कार्यों के लिए करीब 33 हजार करोड़ रुपए के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। इधर, कैबिनेट ने फैक्टर-2 लागू करने का फैसला लिया है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को जमीन अधिग्रहण पर चार गुना तक मुआवजा मिलेगा।

### सामाजिक संस्थाएं बनाएंगी पेशेंट अटेंडर शेल्टर होम



मध्य प्रदेश में पहली बार मरीजों के परिजनों के ठहरने के लिए शेल्टर होम बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में मरीजों के परिजन अस्पतालों में आते हैं, लेकिन उन्हें ठहरने के लिए भटकना पड़ता है। ऐसे में उनके लिए शेल्टर होम बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग चरणबद्ध तरीके से वर्तमान में संचालित 20 सरकारी मेडिकल कॉलेजों के लिए सामाजिक संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करेगा। सरकार केवल जमीन उपलब्ध कराएगी, जबकि भवन निर्माण से लेकर बिजली-पानी सहित सभी व्यवस्थाएं संस्थाएं स्वयं करेंगी। मरीजों के परिजनों के ठहरने और भोजन के लिए एक समिति न्यूनतम शुल्क तय करेगी। इस व्यवस्था में सामाजिक संस्थाएं लाभ कमाने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि समाजसेवा के भाव से सहभागी बनेंगी।

**● उज्जैन में 157 करोड़ की सिंचाई परियोजना**

उज्जैन क्षेत्र की 157 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजना को मंजूरी मिली है, जिससे 35 गांवों को लाभ मिलेगा। कैबिनेट ने पुनर्वास पैकेज के तहत छिंदवाड़ा जिले के लिए 128 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि मंजूर की है।

**● छात्रों को साइकिल बांटने पर 990 करोड़ खर्च**

सरकार अगले 5 सालों में कक्षा 6वीं और 9वीं के विद्यार्थियों को साइकिल देने के लिए 990 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

**● शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए 1200 करोड़**

शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों के विकास के लिए 1200 करोड़ रुपए खर्च करने का निर्णय लिया गया है। सीएम केयर योजना 2026 को मंजूरी : कैबिनेट ने सीएम केयर योजना 2026 की निरंतरता को मंजूरी दी है।

## लेंसकार्ट में तिलक विवाद, मप्र, उप्र, महाराष्ट्र, छग में प्रदर्शन

**नईदिल्ली।** आईवियर कंपनी लेंसकार्ट के ड्रेस कोड को लेकर विवाद बढ़ गया है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में प्रदर्शन हो रहे हैं। हिंदू संगठनों से जुड़े लोग 4 दिनों से कई शहरों के लेंसकार्ट स्टोर में जाकर कर्मचारियों को तिलक लगा रहे और कलावा बांध रहे हैं। इस बीच बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने कंपनी के प्रमोटर्स से कहा, 'तू अपनी कंपनी लाहौर में खोल ले, भारत में काहे को मर रहा है? तेरो कक्का का भारत है क्या? हां! हमारे तो बाप का भारत है।'

# शाह बोले- मोदी को जितनी गाली दोगे, उतनी भाजपा जीतेगी : टीएमसी का आरोप ने भी जड़े आरोप

## बीजेपी वोटिंग के लिए सूरत से ट्रेन भरकर लोग लाई : टीएमसी

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**अमित** शाह ने बुधवार को कहा कि आतंकवाद को खत्म करने वाले नरेंद्र मोदी को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आतंकवादी कह रहे हैं। राहुल गांधी के साथ रहकर खड़गे की भाषा बिगड़ने लगी है, लेकिन मोदी को जितनी गालियां दोगे, कमल उतना ही ज्यादा खिलेगा।

शाह ने पश्चिम बंगाल के दमदम उत्तर में चुनावी रैली में कहा- कांग्रेस का तमिलनाडु में डबल फिगर क्रॉस नहीं होगा, बंगाल-



पुडुचेरी में शायद ही खाता खुले और असम में अब तक की सबसे बड़ी हार होगी। ममता भी कांग्रेस के साथ है, उनकी भी हालत बुरी होने वाली है। वहीं, पश्चिम बंगाल से टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने भाजपा पर वोटर्स को लाने-ले जाने के लिए सूरत से स्पेशल ट्रेनें अरेंज करने का आरोप लगाया है। उन्होंने राज्य के चीफ इलेक्शन ऑफिसर को लेटर लिखकर कहा कि यह चुनाव कानूनों का उल्लंघन है।

उन्होंने दावा किया कि यह रिश्वतखोरी और गलत असर डालने जैसा है और इसमें नोटिस, केस रजिस्टर करने और चुनाव अकाउंट में संबंधित खर्चों को शामिल करने सहित कार्रवाई की मांग की गई है।

वहीं नितिन नवीन ने उत्तर 24 परगना में रोड शो के दौरान कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता टीएमसी सरकार को हटाने के लिए तैयार है और राज्य में डबल इंजन सरकार बनने जा रही है।


# पहलगाम आतंकी हमले का एक साल, सेना ने सुरक्षा बढ़ाई

## एकजुटता मार्च निकाला गया; मोदी ने कहा- भारत आतंकवाद के आगे कभी नहीं झुकेगा

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**पहलगाम** आतंकी हमले को आज एक साल हो गया। इस मौके पर कश्मीर के सभी टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। घाटी में काम करने वाले हर पोनी, सर्विस प्रोवाइडर, लोकल गाइड के लिए त्त्क्र कोड बेस्ड स्पेशल चेकिंग सिस्टम बनाया गया है।

इधर, आतंकी हमले को याद करते हुए पीएम मोदी ने लिखा है-



पिछले साल आज ही के दिन पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को याद कर रहा हूं। उन्हें कभी भुलाया नहीं जाएगा। एक राष्ट्र के तौर पर, हम दुख और संकल्प में एकजुट हैं। भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा। आतंकवादियों के नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। हमले में मारे गए लोगों की याद में देश के कई हिस्सों में एकजुटता मार्च निकाला जा रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- हिंदू एकजुट रहें

## कहा : वे हमारे मंदिर नहीं आ सकते, हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते, ऐसे में कमजोर हो जाएंगे

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**सुप्रीम** कोर्ट में बुधवार को सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धार्मिक भेदभाव से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। जस्टिस वीबी नागरत्ना ने कहा, 'हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए। दो संप्रदायों में बंटना नहीं चाहिए। वे हमारे मंदिर नहीं आ सकते, हम उनके मंदिर में नहीं जा सकते। यह सोच सही नहीं है।

अगर कोई संप्रदाय अपने मंदिर को दूसरों के लिए नहीं खोलता, तो वह कमजोर हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट



ने यह बात ट्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के वकील राकेश द्विवेदी की उस बात पर कही, जिसमें कहा गया था कि जहां एक संप्रदाय को दूसरे संप्रदाय के मंदिर में पूजा करने से रोका जा रहा है, जबकि वे वहां जाते भी नहीं। यदि वे जाना चाहें, तो क्या इसे सामाजिक सुधार के तहत सही ठहराया जा सकता है। अगर राज्य चाहे कि अन्य संप्रदायों के लोगों को भी अनुमति दी जाए, तो वह सुधार के रूप में कानून बना सकता है।

**धार्मिक आस्था के 66 मामले:** सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संवैधानिक बेंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। इसके साथ धार्मिक आस्था के 66 मामले और जुड़े हैं। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया। फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं, जिसपर अब सुनवाई हो रही है। मंदिर प्रशासन महिलाओं की एंट्री का विरोध कर रहा है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर उतरा राफेल : जगुआर-मिराज ने भी टेकऑफ और लैंडिंग की

सुल्तानपुर | एजेंसी
rashtrabaan.in

**यूपी** के सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर आज दोपहर 2 बजे लड़ाकू विमानों का एयर शो शुरू हुआ। करीब 3 घंटे चले एयर शो में सबसे पहले वायु सेना के सी295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने एक्सप्रेस-वे पर बने रनवे पर लैंडिंग की।

इसके बाद जगुआर ने उड़ान भरी। राफेल, सुखोई और मिराज फाइटर जेट्स ने भी टेकऑफ और लैंडिंग की। सेना के एम17 हेलीकॉप्टर से कमांडोज ने सैन्य ऑपरेशन की मॉक ड्रिल की। एम32 भीष्म एयर क्राफ्ट ने भी एयर स्ट्रिप पर 'टच एंड गो' का अभ्यास किया। अब देर शाम से फिर से युद्धाभ्यास किया जाएगा। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए एक्सप्रेस-वे पर 3.2 किमी लंबी इमरजेंसी एयरस्ट्रिप बनाई गई है। इस एयर शो को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी है। 6 घंटे चलने वाले एयर शो के लिए 5 किलोमीटर का एरिया सील कर दिया गया है।

इससे पहले जून 2023 में 4 घंटे यह अभ्यास चला था। 16 नवंबर 2021 को पीएम मोदी ने सुल्तानपुर से ही पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का इनॉगरेशन किया था। पीएम मोदी एयरफोर्स के हरक्युलिस जहाज से एयर स्ट्रिप पर उतरे थे।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-जांच में ममता का दखल लोकतंत्र को खतरा : कोई सीएम ऐसा करेगा, सोचा नहीं था

## ईडी जांच के दौरान फाइल लेकर चली गई थीं

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**आई-पेक रेड** मामले में ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के बीच ष्टरू ममता बनर्जी के दखल को गलत ठहराया।

कहा- किसी भी राज्य का सीएम ऐसा करता है तो यह लोकतंत्र को खतरे में डालना है। जस्टिस कुमार ने कहा- यह राज्य और केंद्र के बीच का विवाद नहीं है।



दरअसल इसी साल 8 जनवरी को ईडी की टीम ने आई-पेक हेड प्रतीक जैन के कोलकाता के गुलाउडन स्ट्रीट स्थित घर और दफ्तर पर छापा मारा था। प्रतीक जैन ही ममता बनर्जी के लिए पॉलिटिकल स्ट्रैटजी तैयार करते हैं। छापेमारी के बीच ममता प्रतीक के घर पहुंच गई थीं और कुछ दस्तावेज लेकर चली गईं। ईडी ने ममता बनर्जी और राज्य पुलिस अधिकारियों पर जांच में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।

**ममता की दलीलें**

ममता की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील रखी। उन्होंने कहा- ईडी को जांच करने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है। यह सिर्फ उनका काम है, अधिकार नहीं।

ईडी का अधिकारी जब काम कर रहा है, तो वह सिर्फ 'सरकारी कर्मचारी' है। वह अपने विभाग से अलग किसी अधिकार का दावा नहीं कर सकता।

ईडी ने कहा कि उनके अधिकारों का उल्लंघन हुआ।

## इस्लामिक गार्ड ने कब्जे में लिया; बिना इजाजत गुजरने का आरोप

# होर्मुज से भारत आ रहे जहाज को ईरान ने रोका

तेहरान | एजेंसी
rashtrabaan.in

**ईरान** की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड ने होर्मुज स्ट्रेट में भारत आ रहे एक जहाज को रोककर कब्जे में ले लिया है। ईरान ने आरोप लगाया है कि जहाज बिना इजाजत होर्मुज से गुजरने की कोशिश कर रहा था।

लाइबेरिया के फ्लैग वाला एपामिनोडेस नाम का यह कंटेनर शिप गुजरात के मुंद्रा पोर्ट की ओर जा रहा था। ईरानी नौसेना के मुताबिक जहाज के नेविगेशन सिस्टम में छेड़छाड़ की गई थी, जिससे समुद्री सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ। कार्रवाई के दौरान



आईआरजीसी ने जहाज को इंटरसेप्ट कर अपने कब्जे में लिया और उसे तट की ओर ले गई। इसके अलावा इजराइल से जुड़े फ्रांसेस्का नाम के दूसरे जहाज को भी जब्त किया गया है। इसके अलावा यूफोरिया नाम के जहाज पर हमला भी किया गया है। इससे पहले खबरें आई थीं कि एक जहाज पर ईरान के पास फायरिंग हुई, जबकि दूसरा ओमान के तट के पास हमले में क्षतिग्रस्त हुआ था।

### पाकिस्तानी आर्मी चीफ मुनीर और पीएम शहबाज की अपील पर फैसला

ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका, पाकिस्तान की अपील पर ईरान के साथ चल रहे युद्धविराम (सीजफायर) को आगे बढ़ा रहा है। हालांकि उन्होंने यह नहीं कहा कि यह कितने दिन के लिए बढ़ाया गया है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान में इस समय नेतृत्व और सरकार में एकजुटता नहीं है। ऐसे वक्त में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने उनसे ईरान पर कुछ समय तक हमले रोकने की अपील की, ताकि ईरान को साझा प्रस्ताव तैयार करने का वक्त मिल सके।

ट्रम्प ने कहा कि इस अपील को मानते हुए उन्होंने अमेरिकी सेना को फिलहाल हमला रोकने का आदेश दिया है। हालांकि, सेना को पूरी तरह तैयार रहने को भी कहा गया है। इस दौरान ईरान पर दबाव बनाए रखने के लिए नाकेबंदी (ब्लॉकेड) जारी रहेगी। उन्होंने साफ किया कि सीजफायर तब तक जारी रहेगा जब तक ईरान अपनी ओर से ठोस और एकजुट प्रस्ताव नहीं दे देता।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

# शहडोल राष्ट्रबाण

• ब्यौहारी • जयसिंहनगर • सोहागपुर • गोहपारु • बुढ़ार • जैतपुर

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा की पत्रकार वार्ता, विपक्ष पर तीखा हमला

### सर्किट हाउस में आयोजित हुई प्रेस वार्ता, सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष ने रखा पक्ष

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े संशोधन प्रस्ताव को लेकर संसद में हाल ही में हुए घटनाक्रम के बाद शहडोल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संभागीय मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस पत्रकार वार्ता में शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक श्रीमती मनीषा सिंह तथा भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने किया।



#### महिला सशक्तिकरण पर सरकार की प्रतिबद्धता

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके लिए महिला सशक्तिकरण केवल चुनावी नारा रहा है, वास्तविक प्रतिबद्धता नहीं। उन्होंने कांग्रेस पर इतिहास में महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने का आरोप लगाते हुए शाहबानो मामला, तीन तलाक और कश्मीर से जुड़े मुद्दों का उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि परिसीमन और जनगणना से जुड़े निर्णयों को लेकर विपक्ष भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है।

#### विपक्ष की मानसिकता उजागर हुई

जिला भाजपा अध्यक्ष अमिता चपरा ने कहा कि महिला आरक्षण के विरोध के चलते विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता सामने आई है। उन्होंने कांग्रेस पर संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास जताने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं, जिनमें शौचालय निर्माण, बैंक खातों की सुविधा और स्वास्थ्य योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश की महिलाएं इस पूरे घटनाक्रम को देख रही हैं और आने वाले समय में इसका राजनीतिक असर देखने को मिलेगा।

#### विपक्ष पर महिला अधिकारों के विरोध का आरोप

सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि संसद में हाल ही में जो घटनाक्रम हुआ, वह केवल संसदीय प्रक्रिया नहीं बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को प्रभावी बनाने वाले संविधान संशोधन विधेयक को रोककर अपनी मानसिकता उजागर की है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण के विरोध के चलते करोड़ों महिलाओं के अधिकारों और भविष्य के साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने विपक्ष पर राजनीतिक स्वार्थ के चलते महिलाओं की भागीदारी को बाधित करने का आरोप लगाया।

# राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 5 परीक्षा केंद्रों में होगी आयोजित

### कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी एवं सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को जिले में आयोजित की जाएगी। परीक्षा ओएमआर पद्धति से दो सत्रों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तथा दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा जिला मुख्यालय शहडोल में बनाए गए कुल 05 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सुचारू संचालन एवं व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी एवं सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं। शासकीय बालक हाई स्कूल, रीवा रोड जयस्तंभ चौक शहडोल के लिए कार्यपालन यंत्री आरईएस केपी पटेल को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहायक वर्ग-3 कलेक्टर कार्यालय के श्री अनुराग श्रीवास्तव एवं भृत्य श्री रामबाबू बैगा को सहायक कर्मचारी बनाया गया है। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय, गांधी चौक के लिए कार्यपालन यंत्री पीआईयू श्री रमाकांत पांडेय को प्रभारी अधिकारी, सहायक वर्ग-3 श्री वीर विक्रम सिंह एवं भृत्य भोला बैगा को सहायक कर्मचारी नियुक्त किया गया है। शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, जयस्तंभ चौक के लिए जिला योजना अधिकारी श्री डीके अहिरवार को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। यहां सहायक वर्ग-3 श्री सीताशरण बैगा एवं भृत्य को सहायक कर्मचारी के रूप में तैनात किया गया है।शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, दुर्गा मंदिर स्टेडियम रोड में कार्यपालन यंत्री जल संसाधन श्री प्रतीक खरे को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहायक के रूप में सुनील चौधरी (अनुरेखक) एवं संजय द्विवेदी को जिम्मेदारी दी गई है। शासकीय इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय, पांडवनगर के लिए उप संचालक मत्स्यपालन विभाग प्रदीप श्रीवास्तव को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहायक कर्मचारी के रूप में राहुल शर्मा एवं भृत्य रुद्र प्रताप सिंह की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए कलेक्टर द्वारा रिजर्व दल भी गठित किया गया है, जिसमें सहायक संचालक नगर निवेश नागेश पेंड्रा, सहायक वर्ग-3 दयाराम सुर एवं रविंद्र श्रीवास्तव को शामिल किया गया है। जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं।

## जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में 25 अप्रैल को नि :शुल्क ईको जांच शिविर

**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए जिला अस्पताल परिसर स्थित डी.ई.आई.सी. (जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र) भवन में 25 अप्रैल 2026 को निःशुल्क ईको (इकोकार्डियोग्राफी) जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इस शिविर में 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की हृदय संबंधी जांच की जाएगी तथा उन्हें आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। शिविर में मुंबई से प्रसिद्ध पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्रिया प्रधान तथा जबलपुर से वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश दुबे उपस्थित रहेंगे। दोनों विशेषज्ञ बच्चों की जांच कर विशेषज्ञ चिकित्सा सलाह देंगे।

# सिटी टैंक तालाब में श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश



शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जनसहभागिता से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल बचाने, उसके संरक्षण और महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जल को जीवन का आधार बताते हुए कहा गया कि यह प्रकृति द्वारा प्रदत्त अमूल्य उपहार है, जिसके बिना जीवन की कल्पना असंभव है। ऐसे में जल की एक-एक बूंद का महत्व समझते हुए इसके संरक्षण के लिए समाज को जागरूक होना आवश्यक है। नगरपालिका शहडोल अंतर्गत स्थित सिटी टैंक तालाब में नगर पालिका के मैदानी कर्मचारियों एवं जनसहयोग से श्रमदान किया गया। इस दौरान तालाब परिसर की व्यापक साफ-सफाई की गई तथा जलीय क्षेत्र में फैली अनावश्यक वनस्पतियों की कटाई-छंटाई कर जलधारण क्षमता को सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही तालाब के आसपास फैले पॉलिथीन, प्लास्टिक एवं अन्य ठोस अपशिष्टों को एकत्रित कर उनका समुचित निष्पादन भी सुनिश्चित किया गया। श्रमदान कार्यक्रम में उपयंत्री पुनीत त्रिपाठी, कार्यालय अधीक्षक मोतीलाल सिंह, स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल महोबिया सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता मित्र एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

# जबलपुर में नौकरानी को पीटा, बाल पकड़कर घसीटा

### पीड़िता बोली– नशीली गोली खिलाकर चेक पर साइन कराए ; 6 लाख रुपए निकाल लिए

जबलपुर | संवाददाता
rashtrabaan.in

जबलपुर में एक नौकरानी के साथ मारपीट और ठगी का मामला सामने आया है। उसे थप्पड़ मारे गए और बाल पकड़कर जमीन पर घसीटा गया। घटना आधारताल थाना क्षेत्र की है। पीड़िता पूनम बर्मन ने पुलिस को शिकायत और सीसीटीवी फुटेज दिए हैं।



वीडियो में मालकिन अंजू पांडे मारपीट करती दिख रही है।

#### पूरी कमाई और बैंक दस्तावेज अपने पास रखे

जानकारी के मुताबिक पूनम, अंजू पांडे के घर पर काम करती थी। आरोप है कि उसे नशे की गोली खिलाकर चेक पर साइन करवाए गए और कार में बैठाकर बैंक ले जाकर खाते से पैसे निकलवाए गए। होश में आने पर विरोध किया तो मारपीट कर दी। पूनम की बहन हीरा बाई ने बताया कि पूनम के खाते में करीब 6 लाख 30 हजार रुपए थे, जिन्हें आरोपी ने निकलवा लिया। साथ ही उसकी पूरी कमाई और बैंक दस्तावेज भी अपने पास रख लिए।

**पीड़िता बोली– अचानक पैसे मांगे, मना करने पर पीटा :** पूनम का कहना है कि वह कई महीनों से काम कर रही थी। अचानक अंजू पांडे ने पैसों की मांग शुरू की। मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई और साजिश के तहत खाते से पैसे निकलवाए गए। बुधवार को पीड़िता अपनी बहनों के साथ एसपी कार्यालय पहुंची और शिकायत सौंपी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और शिकायत के आधार पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक 25 अप्रैल को हकगी आयोजित

**शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभागार में 25 अप्रैल को प्रात 11 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक में किसान कल्याण विभाग एवं कृषि विकास विभाग, नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, सुशासन, महिला एवं बाल विकास, पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

# भीषण गर्मी के चलते कलेक्टर ने विद्यालयों के संचालन समय में किया परिवर्तन

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिले में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के प्रभाव को देखते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य हित में विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार शहडोल जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय सहित सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड के प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों का संचालन अब 23 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे तक किया जाएगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि शैक्षणिक स्टाफ को दोपहर 1.30 बजे तक संस्था में उपस्थित रहकर अपने निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करना होगा। वहीं परीक्षाओं का संचालन पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ही किया जाएगा तथा मूल्यांकन एवं परीक्षा संबंधी अन्य कार्य भी यथावत समय पर संपादित होंगे।



# प्राथमिक शिक्षकों को क्रमोन्नति का मिलेगा लाभ

### समिति की बैठक में हुआ निर्णय



शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत जिले के 459 पात्र प्राथमिक शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ प्रदान किया गया है। यह निर्णय उपायुक्त जे.पी. यादव की अध्यक्षता में आयोजित क्रमोन्नति समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि जनजातीय कार्य विभाग, जिला शहडोल के कुल 462 प्राथमिक शिक्षकों के प्रकरणों पर विचार किया गया, जिनमें से 459 शिक्षक पात्र पाए गए और उन्हें क्रमोन्नति का लाभ दिया गया। इनमें 311 शिक्षकों को प्रथम क्रमोन्नति तथा 145 शिक्षकों को द्वितीय क्रमोन्नति प्रदान की गई है। वहीं एक शिक्षक का प्रकरण विभागीय जांच लंबित होने के कारण स्थगित रखा गया, जबकि दो शिक्षकों की गोपनीय चरित्रावली (सीआर) पूर्ण न होने से उनके प्रकरण लंबित रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के पश्चात इन मामलों पर आगामी बैठक में निर्णय लिया जाएगा। बैठक में उपस्थित समिति सदस्यों एवं विभागीय अधिकारियों ने प्रक्रिया को पारदर्शी एवं नियमसम्मत तरीके से संपन्न कराया।

### हाईकोर्ट ने सरकार को 30 दिन में खोलने के दिए आदेश ; सीएम के निर्देश पर हुए थे बंद

# मध्य प्रदेश में फिर खुलेंगे आरटीओ चेक पोस्ट

जबलपुर | संवाददाता
rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश में आरटीओ चेक पोस्ट फिर से खुलेंगे। हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की कोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बड़ा फैसला सुनाया है। राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि 30 दिनों के भीतर सभी चेक पोस्ट शुरू करें। भारी वाहनों की जांच और हादसे रोकने के लिए चेक पोस्ट जरूरी हैं। हाईकोर्ट के आदेश के बाद परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा- हाईकोर्ट के आदेश का अध्ययन करने के बाद विधि विशेषज्ञों की राय लेकर न्यायालय के आदेश के मुताबिक आगे की कार्रवाई कराई जाएगी।



#### फैसले के खिलाफ ऊपरी कोर्ट का रुख करेंगे

ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सीएल मुकाती ने कहा कि अभी 30 दिन का समय है। ऊपरी कोर्ट का रुख करेंगे। इस फैसले को चुनौती देंगे। अपनी बात मजबूती से रखेंगे। एसोसिएशन कोर्ट में सौरभ शर्मा से जुड़े मामले का हवाला देंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के चेक पोस्ट खत्म करने को लिखे गए पत्र को भी आधार बनाएंगे। उन्होंने कहा- पहले ही केंद्र स्तर पर चेक पोस्ट हटाने की दिशा में कदम उठाए जा चुके हैं, ऐसे में इन्हें फिर से शुरू करना तर्कसंगत नहीं है। राज्य सरकार पहले ही आदेश दे चुकी है कि ओवरलोडिंग की जांच टोल प्लाजा पर की जाएगी। ऐसे में अब चेक पोस्ट दोबारा शुरू करने का औचित्य समझ से परे है।

#### 1 जुलाई 2024 से बंद किए गए थे चेक पोस्ट

राज्य सरकार ने 30 जून 2024 के बाद प्रदेशभर में आरटीओ चेक पोस्ट बंद कर दिए थे। मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर 1 जुलाई 2024 से लागू किया गया था। इसके बाद परिवहन विभाग ने जांच व्यवस्था समाप्त कर दी थी, जिससे सड़कों पर निगरानी को लेकर सवाल उठने लगे थे।

#### चेक पोस्ट शुरू करने 2025 में दायर की गई थी याचिका

चेक पोस्ट इसी फैसले के खिलाफ याचिकाकर्ता रजनीश त्रिपाठी ने 2025 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव मनीष सिंह सहित अन्य अधिकारियों को पक्षकार बनाया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता जुबिन प्रसाद और भानु प्रकाश ने दलील दी कि चेक पोस्ट बंद होने से ओवरलोडिंग और नियमों के उल्लंघन के मामले बढ़े हैं, जिससे सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ गया है।

#### सरकार का पक्ष और कोर्ट की सख्त टिप्पणी

शासन की ओर से अधिवक्ता अंजली मिश्रा ने अदालत में जवाब पेश किया, लेकिन कोर्ट ने इसे संतोषजनक नहीं माना। जस्टिस विशाल मिश्रा ने टिप्पणी की कि विभागीय अधिकारियों का रवैया कोर्ट के आदेशों और दिए गए निर्देशों की अवहेलना के समान है। कोर्ट ने कहा कि आदेश का पालन करना अनिवार्य है। चाहे विभाग अन्य विकल्प क्यों न अपनाए।

# जबलपुर में अगले तीन दिन लू का अलर्ट

### तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना, लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह

जबलपुर | संवाददाता
rashtrabaan.in

जबलपुर में गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 41-42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27-29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को उमस और तपिश का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक शहर में तेज गर्मी और लू जैसी स्थिति बने रहने के आसार बताए हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हालांकि, बीच-बीच में आंशिक बादल छाने और हल्की आंधी चलने के भी आसार हैं।

#### बादल छाएंगे, गर्म हवा जारी रहेगी

विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पहले दिन अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा, जिसमें तेज धूप और लू का असर रहेगा। दूसरे दिन पारा 42–43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, साथ ही हल्के बादल और गर्म हवाएं जारी रहेंगी। तीसरे दिन अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जिसमें आंधी से हल्की राहत मिल सकती है। वहीं, देश के कई अन्य राज्यों में भी मौसम विभाग ने आंधी, बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है, जिससे मौसम में अचानक बदलाव की संभावना है।

#### दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच घर से न निकलें

लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कुछ सावधानियां बरतने की सलाह दी है। लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए। इसके अलावा, अधिक से अधिक पानी, छाछ और नींबू पानी का सेवन करने की सलाह दी गई है। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें और सिर को गमछा या टोपी से ढककर रखें। खाली पेट या डिहाइड्रेशन की स्थिति में बाहर न निकलें। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई है। डॉक्टरों ने बढ़ती गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और थकावट के मामलों में वृद्धि की आशंका जताई है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

# बालाघाट राष्ट्रबाण

• बैहर • बिरसा • कटंगी • तिरोड़ी • कटंगी • खैरलांजी • किरनापुर • लालबर्रा • लांजी • परसवाड़ा • वारासिवनी

# टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in



22 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री मायाराम कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

### गेहूँ, चना विक्रय करने वाले किसानों से निर्धारित समय में स्लॉट बुक कराना अनिवार्य

बैठक में समर्थन मूल्य पर गेहूँ एवं चना तथा भावांतर योजना में सरसो की खरीदी की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि समर्थन मूल्य पर 14 किसानों से 254 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। अब तक 800 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए स्लॉट बुक करा लिया है। समर्थन मूल्य पर चना विक्रय के लिए 2609 किसानों ने पंजीयन किया है। इसमें से 233 किसानों ने स्लॉट बुक करा लिया है। चना खरीदी के लिए जिले में 08 केंद्र बनाये गए है। चने की खरीदी 28 मई तक की जाएगी। कलेक्टर श्री मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ, चना विक्रय करने वाले किसानों से निर्धारित समय सीमा के भीतर स्लॉट बुक करा ले। सभी खरीदी केंद्रो पर किसानों की सुविधा के लिए छाया एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### ऋण वितरण में तेजी लाकर युवाओ को रोजगार से जोड़ने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को बैंक से ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें रोजगारमूलक गतिविधियों से जोडने के निर्देश दिये। इसी प्रकार पशुपालन विभाग की योजनाओं में ऋण वितरण का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने कहा गया। उन्होंने अग्रणी बैंक प्रबंधक और संबंधित विभाग के अधिकारी को समन्वय कर बैंक से शीघ्रता से ऋण दिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऋण संबंधी आवेदनों में जिन दस्तावेजों की कमी है संबंधित विभाग के अधिकारी हितग्राही से संपर्क कर बैंक को वह दस्तावेज उपलब्ध कराए। उन्होंने अग्रणी बैंक प्रबंधक से कहा कि वे सुनिश्चित करे कि बैंक में कोई भी ऋण प्रकरण अनावश्यक लंबित नही रहना चाहिए।

### जनगणना 2027 प्रतिशत स्व-गणना में तेजी लाने के निर्देश

बैठक में सर्वप्रथम जनगणना 2027 के प्रशिक्षण एवं स्वगणना की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि बालाघाट जिले की जनसंख्या के अनुपात में अब तक बहुत कम संख्या में नागरिकों ने सेल्फ इन्यूमिरेशन (स्वगणना) की है। कलेक्टर श्री मीना ने इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर की और निर्देशित किया कि स्व-गणना करने के लिए अधिक से अधिक लोगो को प्रोत्साहित किया जाए और शीघ्रता से उन्हें स्व-गणना का आईडी प्राप्त करने कहा जाए। उन्होंने सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 22 अप्रैल को अनिवार्य रूप से स्व-गणना करने के निर्देश दिये। स्व-गणना का कार्य 30 अप्रैल तक ऑनलाईन किया जाना है। उसके बाद 01 मई से 30 मई तक प्रगणक द्वारा घर-घर जाकर जनगणना की जाएगी।

### विभागों की तत्परता से जल गंगा संवर्धन अभियान को मिलेगी गति

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने निर्देशित किया कि इस अभियान में जिन विभागों को जल संरक्षण के कार्य सौंपे गए है वे समय सीमा में उन कार्यों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। इस अभियान के अंतर्गत सभी शासकीय भवनों, स्कूल एवं कॉलेज भवनों एवं छात्रावास भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गए। बडे शासकीय भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के साथ सोलर पेनल लगाने के निर्देश दिये गए। इस अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग को सक्षम आंगनवाडी केंद्रो में पोषण वाटिका एवं रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार जिला एवं व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक को जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में पौधारोपण के लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण कराने कहा गया। जिले की नगरीय निकायों में इस अभियान के अंतर्गत हरित क्षेत्र विकास के कार्य तत्परता से करने के निर्देश दिये गए।

### नगरीय निर्माण, खेती व आपूर्ति व्यवस्था पर सख्त निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों में बगैर अनुमति के कोई भी आवास नही बनना चाहिए। सहायक संचालक उद्यान को निर्देशित किया गया कि जिले में मखाना की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए तत्परता के साथ कार्य करें और मखाना की खेती शुरू करने वाले किसानों को सतत मार्गदर्शन दें। सहायक संचालक मत्स्योद्योग को निर्देशित किया गया कि जिले के जलाशयों में मत्स्य पालन के लिए अधिक संख्या में केजकल्चर लगाए। केजकल्चर लगाने के लिए आवेदन करने की तिथि 30 अप्रैल तक बढाने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी गैस की आपूर्ति पर सतत निगरानी रखे और सुनिश्चित करें कि उपभोक्ताओं को डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी गैस सुगमता से उपलब्ध हो। बैठक में बताया गया कि जिले में मखाना की खेती के लिए 05 स्थानों का चयन किया गया है और उनमें 32 किसानों द्वारा मखाना लगाया गया है, जो वर्तमान में अंकुरण की स्थिति में है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग द्वारा बताया गया कि जिले के जलाशयों में मत्स्यपालन के लिए 720 केजकल्चर लगाये जा सकते है। अब तक 540 केजकल्चर लगाने के लिए आवेदन प्राप्त हो चुके है। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी गैस की कोई कमी नही है और इनकी नियमित रूप से आपूर्ति हो रही है।

### सीएम हेल्पलाइन व योजनाओं की समीक्षा पर अधिकारियों को सख्त निर्देश

बैठक में वनग्राम से राजस्व ग्राम में परिवर्तन, सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण, सीएम हेल्पलाईन के प्रकरण, लोक सेवा गारण्टी, संकल्प से समाधान अभियान के शिविरो में प्राप्त आवेदन के निराकरण की भी समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का तत्परता के साथ निराकरण करें। जिन अधिकारियों की लापरवाही से जिले की ग्रडिंग प्रभावित होगी उनका वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का तत्परता के साथ निराकरण करने और जनआकांक्षा पोर्टल पर की गई कार्यवाही का विवरण अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री मीना ने जिला श्रम पदाधिकारी को निर्देशित किया कि श्रमयोगी मानधन योजना के अंतर्गत सभी पात्र लोगो का शीघ्रता से पंजीयन कराए।

# एबीवीपी ने महाविद्यालय एवं नगर के विभिन्न स्थानों में चलाया पक्षी मित्र अभियान



राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

बालाघाट भीषण गर्मी को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बालाघाट द्वारा पक्षी मित्र अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न स्थानों एवं प्रमुख महाविद्यालयों में पक्षियों के लिए पानी से भरे सकोरे (मिट्टी के बर्तन) रखे गए, जिससे उन्हें गर्मी में राहत मिल सके। इस अवसर पर नगर मंत्री कुबेर सिंह बैस ने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है, जिससे उनके जीवन पर संकट उत्पन्न हो जाता है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वे अपने घर, छत एवं आसपास के स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था अवश्य करें। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे इस पक्षी मित्र अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक स्थानों पर सकोरे रखें और पक्षियों के संरक्षण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि यह एक छोटा सा प्रयास है, लेकिन इससे प्रकृति संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। यह अभियान नगर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ महाविद्यालयों में विशेष रूप से संचालित किया गया, जहां महाविद्यालय प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पक्षी संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। अभियान में प्रमुख रूप से प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कोमल भंडारकर, जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल, जिला स्स्वष्ठ प्रमुख कलश असाटी, महाविद्यालय अध्यक्ष अमन दशहरिये, राहुल बुरडे, प्रियांशु तिवारी, प्रख्यात मिश्रा, अम्बर ध्यानी, नवनीत गौतम, ऋषभ राउत, आर्यन गौतम सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई तथा आमजन को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक सकोरे लगाकर इस अभियान को सफल बनाएं और पक्षियों को जीवनदायिनी सहायता प्रदान करें।

# पिपरिया-जयसिंहनगर मार्ग पर निर्माण कार्य के बीच हादसों की श्रृंखला, एक घंटे में तीन दुर्घटनाएं, पांच घायल

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in



पिपरिया से जयसिंहनगर को जोड़ने वाले मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के बीच बुधवार सुबह सड़क सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। धूल, गड्ढों और अव्यवस्थित यातायात के चलते तेज रफ्तार वाहनों ने एक घंटे के भीतर तीन अलग-अलग हादसों को अंजाम दिया, जिनमें कुल पांच लोग घायल हो गए। इनमें एक महिला की हालत गंभीर है, जिनका हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

### पहली दुर्घटनाः शादी से लौट रही कार को बस ने मारी टक्कर

गोहपारू थाना क्षेत्र के सेमरा सिद्ध बाबा के पास सुबह पहला हादसा हुआ। कार क्रमांक एमपी 17 जेडडी 7948 में सवार राकेश जायसवाल अपने परिजनों के साथ शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार दीपक ट्रेवल्स की बस ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में राकेश सहित तीन लोग घायल हुए हैं, जिनमें राकेश की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया।

### दूसरी घटनाः बस की टक्कर में महिला गंभीर रूप से घायल

बरहा क्षेत्र में हुई दूसरी दुर्घटना ने सबसे गंभीर रूप ले लिया। नफीस कंपनी की बस में यात्रा कर रही रेशमा खैरवार ने गर्मी के कारण अपना हाथ खिड़की से बाहर निकाला हुआ था, तभी सामने से आ रही दूसरी बस से साइड लगने पर उनका हाथ बुरी तरह कुचल गया। हादसे के बाद दोनों बस चालक मौके से फरार हो गए। घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने बताया कि उनका दायां हाथ गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त है, हालांकि पल्स बनी हुई है। बेहतर उपचार के लिए उन्हें उच्च केंद्र भेजने की तैयारी की जा रही है।

### तीसरी घटनाः ढाबे के पास बाइक सवार को टक्कर

तीसरा हादसा गोहपारू के पास एक ढाबे के समीप हुआ, जहां तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

### पुलिस जांच में जुटी, वाहनों की तलाश जारी

थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि तीनों घटनाओं में कुल पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक महिला की हालत चिंताजनक बनी हुई है। सभी मामलों की जांच की जा रही है और हादसे के बाद फरार हुए वाहनों की तलाश जारी है।

# नगपुरा स्कूल में जनपद सदस्य व सरपंच के हस्ते छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण

राष्ट्रबाण लालबर्रा | संवाददाता rashtrabaan.in



लालबर्रा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगपुरा में शासन की महत्वाकांक्षी छात्र-छात्रा निःशुल्क साइकिल वितरण योजना में कक्षा नवमी में पात्र नव प्रवेशी बच्चों को निःशुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम में 22 अप्रैल बुधवार को क्षेत्रीय जनपद सदस्य हरिशंकर बनवारी (मुन्ना बनवाले) व सरपंच श्रीमती अनिता लिल्हारे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जहां जनपद सदस्य व सरपंच ने शाला के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं, पालकों की उपस्थिति में नवमी में नव प्रवेशी अध्यनरत छात्र-छात्राओं को मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी छात्र छात्रा हितैषी योजना से निःशुल्क साईकिल वितरण में उपस्थित होकर बच्चों का तिलक वंदन कर उनसे परिचय कर उन्हें पढ़ाई में निरंतर आगे बढ़ने के लिए उत्साहित किया। 20 बच्चों को निःशुल्क साइकिल भेंट की। कक्षा नवमी में कुल पात्र 42 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण की जा रही है। इस अवसर पर जनपद सदस्य हरिशंकर बनवारी द्वारा विद्यार्थियों को साइकिल के रख रखाव व पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा भी विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने व बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम अच्छा लाने पर समस्त विद्यालय परिवार को बधाई भी प्रेषित की। संस्था प्रभारी चंद्रपाल उके द्वारा आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर पत्रकार प्रकाश चौहान, संस्था के शिक्षक सोमलाल बारेकर, पुखराज वरकड़े, मोनिका सोनबिरसे, प्रीति अमूले व अन्य सभी स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अवैध रेत खनन पर बड़ी कार्रवाई : दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए खनिज अमले द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 22 अप्रैल 2026 को तहसील लालबर्रा एवं बालाघाट क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की गई। उपसंचालक खनिज सुश्री फरहज जहाँ ने बताया कि पहली कार्रवाई ग्राम ददिया, तहसील लालबर्रा में की गई, जहां ट्रैक्टर क्रमांक स्क्क0-2449 के साथ ट्रॉली में अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए जाने पर चालक चंचल चौहान (पिता शिवपाल चौहान, निवासी ददिया) के वाहन को जप्त किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई नर्मदानगर, तहसील बालाघाट में की गई, जहां ट्रैक्टर क्रमांक स्क्क0-5723 के साथ ट्रॉली में अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर चालक राकेश लीलारे (पिता बुधराम लीलारे, निवासी गायखुरी) के वाहन को जप्त किया गया। जप्त किए गए दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ब्यौहारी बस स्टैंड पर स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## नशे के कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई



राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने ब्यौहारी बस स्टैंड परिसर में दबिश देकर दो युवकों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई।पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स के पास कुछ लोग अवैध मादक पदार्थ की बिक्री की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जियाउल हक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों संदिग्धों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिवकुमार यादव उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम नरवार थाना पाली जिला उमरिया तथा पवन नामदेव उम्र 27 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती थाना कोतवाली जिला शहडोल के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से 16.41 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसकी बाजार कीमत लगभग 50 हजार रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही 1500 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 एवं 29 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में की गई। जिले में हाल के दिनों में नशे से जुड़े मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इससे पहले जयसिंहनगर क्षेत्र में बस के जरिए मादक पदार्थ तस्करी का मामला सामने आ चुका है। वहीं स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी बनी हुई है कि हालिया घटनाओं के बाद पुलिस की कार्रवाई में तेजी आई है। वहीं जैतपुर में कुएं में गिरकर तीन लोगों की मौत के मामले की जांच को लेकर भी पुलिस पर सवाल उठते रहे हैं, जिसका अब तक पूर्ण खुलासा नहीं किया गया है।

## 8 स्रोतों का पानी पेय योग्य पाया गया

# एकोड़ी में हैंडपंप जल की हुई जांच

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in



बालाघाट जिले की वारासिवनी तहसील के ग्राम एकोड़ी के वार्ड क्रमांक-01 स्थित आंगनवाड़ी परिसर में स्थापित 12 हैंडपंपों के जल की गुणवत्ता की जांच फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से की गई। परीक्षण के दौरान जल को 10 विभिन्न पैरामीटर पर परखा गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी एल उईके ने बताया कि हैंडपंपों के जल परीक्षण परिणामों के अनुसार 12 में से 8 हैंडपंपों का जल पेय योग्य पाया गया, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है। वहीं शेष 4 हैंडपंपों में आयरन एवं टर्बिडिटी की मात्रा निर्धारित मानकों से अधिक पाई गई, जिसके कारण इनका पानी पीने योग्य नहीं है। संबंधित हैंडपंपों के जल का उपयोग केवल बाहरी कार्यों जैसे सफाई आदि के लिए करने की सलाह दी गई। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल के समुचित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया तथा पानी बचाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्रीमती सरिता मेश्राम, सचिव श्री अभिजीत सिंह चौहान, सहायक यंत्री श्री विजय कुमार तिवारी, उपयंत्री सुश्री शिवानी श्रीवास्त्री, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्री प्रतांशी पाठक एवं आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती बसंती हिरकने सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण शिविर आयोजित

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग के परिपालन में चल रहे राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम (09 अप्रैल 2026 से 23 अप्रैल 2026) के अंतर्गत आज दिनांक 22 अप्रैल 2026 को आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 22 में पोषण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपाली चौके द्वारा 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों के मस्तिष्क विकास हेतु प्रारंभिक संवर्धन गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के मानसिक एवं संज्ञानात्मक विकास के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण

## सवालों से घबराये नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया की बंधी घिग्घी!

कहते है नगर पालिका प्रशासन के पास जो फंड होता है वह आम जनता की गाढ़ी कमाई से मिलने वाला टेक्स होता है। लेकिन सिवनी नगर पालिका द्वारा जनता की गाढ़ी कमाई से 'नेताओं' की ब्रांडिंग की जा रही है। जब सवाल हुए तो सीएमओ ने झाड़ा पल्ला, अध्यक्ष के पास सवालों का जवाब नहीं। अब सवाल यह है की क्या सरकारी खजाने पर डकैती डालकर चमक रहे हैं सियासी चेहरे? पढ़िए राष्ट्रबाण की विशेष खबर...

**सिवनी नगर गौरव दिवस या भाजपा का सत्ता प्रदर्शन?**

सरकारी आयोजन में पार्षदों के चेहरे गायब, 'अपनों' की तस्वीरों पर छिड़ा संग्राम

# जनता की गाढ़ी कमाई से 'नेताओं' की ब्रांडिंग




नगर पालिका प्रशासन द्वारा प्रिंट फ्लेक्स : शासकीय धन में चमक रहे भाजपाई चेहरे !

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**आदि** गुरु शंकराचार्य के अवतरण दिवस पर आयोजित 'नगर गौरव दिवस' भक्ति और गौरव का संगम होना था, लेकिन सिवनी नगर पालिका की मेहरबानी से यह आयोजन पूरी तरह सियासी रंग में रंग गया। मैथ मंदिर में आयोजित इस सरकारी कार्यक्रम ने भक्ति कम और भाजपा के प्रचार तंत्र की झलक ज्यादा दिखाई। आलम यह रहा कि नगर पालिका के आधिकारिक फ्लेक्स और होर्डिंग्स से निर्वाचित पार्षदों और जिम्मेदार अधिकारियों की तस्वीरें नदारद रहीं, जबकि 'कथित' भाजपा नेताओं और ठेकेदारों के चेहरों ने पूरे शहर को पाट दिया। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या नगर पालिका प्रशासन जनता से वसूले गए टैक्स के पैसों को पार्टी विशेष के प्रचार में पानी की तरह बहा रहा है?

### सरकारी फ्लेक्स से लोकतंत्र के प्रतिनिधि गायब

नियमों के मुताबिक, यदि कोई कार्यक्रम नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित किया जाता है, तो उसमें क्षेत्र के सांसद, विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, सीएमओ और निर्वाचित पार्षदों की तस्वीरें होना अनिवार्य है। लेकिन सिवनी में तो गंगा ही उल्टी बहती दिखी। नगर गौरव दिवस के नाम पर लगे फ्लेक्स में पार्षदों के सम्मान को ताक पर रख दिया गया। पार्षदों की जगह उन चेहरों को प्रमुखता दी गई, जिनका नगर पालिका के प्रशासनिक ढांचे से कोई सीधा वास्ता नहीं है। जानकार इसे लोकतंत्र का अपमान और प्रशासनिक प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाना बता रहे हैं।

**सवाल सुनते ही अध्यक्ष की 'गिघ्घी' बंधी, सीएमओ के बयान ने खोली पोल**

इस पूरे मामले पर जब 'राष्ट्रबाण' ने नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया से सीधा सवाल किया कि 'क्या ये फ्लेक्स नगर पालिका के बजट से छपे हैं? ', तो उनके पास कोई ठोस जवाब नहीं था। जो अध्यक्ष मंचों पर दहाड़ते हैं, वे इस सवाल पर बगले झांकते नजर आए और 'बाद में बात करते हैं' कहकर कन्नी काट ली। दूसरी ओर, नगर पालिका सीएमओ विशाल सिंह मर्स्कोले के बयान ने इस मामले में घी डालने का काम किया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 'नगर पालिका प्रशासन ने ऐसे कोई फ्लेक्स नहीं लगवाए हैं।' सीएमओ का कहना है कि अगर फ्लेक्स लगे हैं, तो वे अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने निजी तौर पर लगवाए होंगे और इसका भुगतान सरकारी खजाने से नहीं किया जाएगा।



ज्ञानचंद सनोडिया, नपा अध्यक्ष : उधार में पसीना न दे, फ्लेक्स के भुगतान की उम्मीद?

## कथित ठेकेदारों और नेताओं का 'कब्जा'

हैरानी की बात यह भी है कि इन विज्ञापनों में कुछ ऐसे लोगों की तस्वीरें भी चस्पा हैं, जिन्हें जनता 'कथित ठेकेदार' के रूप में जानती है। क्या अब नगर पालिका के गौरव दिवस का पैमाना जनप्रतिनिधियों से हटकर ठेकेदारी और चमचागिरी तक सीमित रह गया है? पार्षदों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि जनता द्वारा चुने जाने के बावजूद उन्हें एक सरकारी कार्यक्रम के विज्ञापनों में जगह देना भी मुनासिब नहीं समझा गया।

### जनता की कमाई पर सियासी डाका?

सिवनी की जनता सड़क, नाली और मूलभूत सुविधाओं के लिए टैक्स भरती है। लेकिन जब वही टैक्स के पैसे नेताओं की व्यक्तिगत



ब्रांडिंग और पार्टी के प्रचार में खर्च होने लगें, तो व्यवस्था पर सवाल उठना लाजमी है। नगर गौरव दिवस के इस आयोजन ने यह साफ कर दिया है कि सत्ता के रसूख के आगे नियम-कायदे और प्रोटोकॉल बौने साबित हो रहे हैं। अब देखना यह होगा कि क्या इस वित्तीय अनियमितता और प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर जिला प्रशासन कोई संज्ञान लेता है, या फिर 'नगर पालिका परिषद' के नाम के पीछे छिपे इन निजी विज्ञापनों का भुगतान भी चुपचाप जनता की जेब से ही कर दिया जाएगा।



विशाल सिंह मर्स्कोले सीएमओ नपा : साहब बताये कितने फ्लेक्स छपाये।

### यक्ष प्रश्नः अगर निजी खर्च है, तो 'नगर पालिका परिषद' का नाम क्यों?

सीएमओ के बयान के बाद मामला और पेचीदा हो गया है। शहर में चर्चा है कि यदि ये होर्डिंग्स अध्यक्ष ने अपने निजी खर्च पर लगवाए हैं, तो उन पर 'नगर पालिका परिषद सिवनी, मध्यप्रदेश' क्यों लिखा गया है? क्या निजी प्रचार के लिए सरकारी संस्था के नाम का इस्तेमाल करना कानूनी रूप से सही है? या फिर यह एक सोची-समझी रणनीति है कि नाम सरकारी संस्था का हो और चेहरा नेताओं का चमकता रहे, ताकि बाद में बिलों का भुगतान पिछले दरवाजे से किया जा सके?

### बुखार उधार न देने वाले' अध्यक्ष क्या खुद करेंगे भुगतान?

सिवनी के राजनीतिक गलियारों में ज्ञानचंद सनोडिया की छवि एक ऐसे नेता की है जो बेहद नपे-तुले खर्च के लिए जाने जाते हैं। स्थानीय लोगों का तो यहां तक कहना है कि 'वे अपना बुखार भी उधार न दें ', तो फिर लाखों रुपये के फ्लेक्स वे अपनी जेब से क्यों लगवाएंगे? जनता के बीच यह बात गले नहीं उतर रही है कि निजी प्रचार के लिए अध्यक्ष अपनी तिजोरी खोलेंगे। संदेह की सुई सीधे तौर पर सरकारी बजट के दुरुपयोग की ओर इशारा कर रही है।

## पति ने पत्नी को प्रेमी संग जाने की दी इजाजत

### 2024 में हुई थी शादी, सिवनी थाने में दोनों पक्षों ने किया आपसी समझौता



राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**सिवनी** जिले के केवलारी थाना क्षेत्र में एक अलग तरह का मामला सामने आया है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ रहने की इजाजत दे दी। यह पूरा मामला पुलिस थाने में बातचीत के बाद सुलझा।

जानकारी के अनुसार, युवक की शादी अप्रैल 2024 में हुई थी। शुरुआत के करीब छह महीने तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन इसके बाद पत्नी की नजदीकियां गांव के ही एक अन्य युवक से बढ़ने लगीं।

**पत्नी को कई बार की समझाने की कोशिश**

पति ने बताया कि पत्नी अक्सर फोन पर बात करती थी और उस युवक से मिलती भी थी। उसने कई बार पत्नी को समझाने की कोशिश की, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। 17 अप्रैल को महिला घर छोड़कर सीधे केवलारी थाने पहुंच गई। वहां उसने लिखित में बताया कि वह दूसरे युवक से प्रेम करती है और उसी के साथ रहना चाहती है।

**पति ने दी प्रेमी के साथ रहने की सहमति**

मामले को देखते हुए थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगाम ने तीनों पक्षों को बुलाकर बातचीत कराई। परिवार के लोग और समाज के बुजुर्गों ने भी महिला को समझाया, लेकिन वह अपने फैसले पर कायम रही। लंबी चर्चा के बाद पति ने हालात को स्वीकार करते हुए लिखित में सहमति दी कि वह अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ जाने की अनुमति देता है। वहीं प्रेमी ने भी लिखित आश्वासन दिया कि वह महिला को पत्नी के रूप में अपनाएगा और उसकी जिम्मेदारी उठाएगा। पुलिस ने तीनों को आगे की प्रक्रिया के लिए कोर्ट के जरिए तलाक और पुनर्विवाह करने की सलाह दी है।

## सांसद के प्रयासों से 8 मरीजों को इलाज के लिए मिली 4 लाख 45 हजार की आर्थिक सहायता

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू दीन :दुखियों, गरीब परिवारों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रहे है। सांसद बंटी विवेक साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 8 मरीजों को इलाज के लिए 4 लाख 45 हजार की आर्थिक सहायता राशि जारी की है। यह सहायता राशि मिलने से नागपुर और छिंदवाड़ा के अस्पतालों में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के गंभीर मरीजों का बेहतर इलाज हो सकेगा। डॉ.मोहन यादव ने छिन्दवाड़ा के ग्राम भोरतलाई निवासी राजवीर पिता मनोज पवार को 65 हजार, लोधीखेड़ा निवासी गौरव पिता संजय रणदीवे को 30 हजार एवं छिन्दवाड़ा के ग्राम कवदिया निवासी रंजीत पिता मंगल सिंह रघुवंशी को 65 हजार की राशि स्वीकृत की है। सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर तामिया के ग्राम नागरी निवासी राजेश पिता अनकलाल कुमरे को 65 हजार, ग्राम दरोत खुर्द निवासी श्रीमती तिलको बाई पति बुद्धुलाल काकोड़िया को 50 हजार, उमरेठ के ग्राम मानियाखापा निवासी महेन्द्र पिता रामगोपाल डेहरिया को 65 हजार, चांदामेटा निवासी घनश्यामि पता शिवप्रसाद साहू को 30 हजार स्वीकृत किए गए।

## सिवनी में पहली बार तीन बच्चों का एक साथ जन्म



राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**सिवनी** जिले में पहली बार एक निजी स्वास्थ्य संस्थान में एक महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। डॉक्टरों की टीम ने जटिल गर्भावस्था के बावजूद सफल ऑपरेशन कर मां और तीनों नवजातों को सुरक्षित रखा। नवजातों में एक लड़की और दो लड़के शामिल हैं, और सभी स्वस्थ बताए जा रहे हैं।

अस्पताल के निदेशक डॉक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला काफी चुनौतीपूर्ण था। केवलारी के परासापानी गांव की निवासी पार्वती बाई (36 वर्ष) 28 सप्ताह की गर्भावस्था में अस्पताल पहुंची थीं। जांच में पता चला कि उनके गर्भ में तीन बच्चे हैं, जिससे जोखिम बढ़ गया था।

डॉक्टरों की टीम ने स्थिति को देखते हुए मरीज को लगातार निगरानी में रखा और विशेष देखभाल के साथ गर्भावस्था को 35 सप्ताह तक सुरक्षित रूप से आगे बढ़ाया। स्त्री रोग विशेषज्ञों और अन्य मेडिकल स्टाफ की टीम ने मिलकर ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

डॉक्टरों के अनुसार, एक साथ तीन बच्चों का सुरक्षित जन्म चिकित्सा की दृष्टि से एक जटिल प्रक्रिया होती है। यह टीमवर्क, अनुभव और सतत निगरानी के कारण संभव हो पाया। वर्तमान में मां और तीनों नवजात पूरी तरह स्वस्थ हैं और अस्पताल में उनकी देखरेख जारी है। महिला जिला मुख्यालय से लगभग 75 किलोमीटर दूर की रहने वाली है। परिवारजनों को जब गर्भ में तीन बच्चों का पता चला, तो उन्होंने स्त्री रोग विशेषज्ञों से सलाह ली।

**सिवनी शिक्षा विभाग में बड़ा 'खेल': उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य ने तोड़े दाखिले के नियम, डीईओ ने दी 'अभयदान' की ढाल!**

# मिशन स्कूल की छात्रा का उत्कृष्ट में सीधे 12वीं कक्षा में एडमिशन

- कायदे कानून ताक पर, सीएम हेल्पलाइन को भी थमाया झुनझुना
- क्या भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही जिले की शिक्षा व्यवस्था?

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**मध्यप्रदेश** सरकार एक ओर शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए 'उत्कृष्ट विद्यालय' जैसे संस्थान चला रही है, वहीं दूसरी ओर सिवनी जिले में इन विद्यालयों को अपनी जागीर समझने वाले जिम्मेदार अधिकारी नियमों की धज्जियां उड़ाने में मसरूफ हैं। जिले के प्रतिष्ठित उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य महेश कुमार गौतम ने नियमों को ताक पर रखकर एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसने शिक्षा विभाग की शुचिता पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं।

मामला शैक्षणिक सत्र 2023-24 से जुड़ा है। नियमों के मुताबिक, किसी भी छात्र या छात्रा को कक्षा 12वीं में सीधे प्रवेश देने का प्रावधान नहीं है, विशेषकर तब जब वह दूसरे विद्यालय से आया हो। लेकिन उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार गौतम ने तमाम कायदों को दरकिनार करते हुए मिशन माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 11वीं में पढ़ने वाली एक छात्रा इशिका पिता नरेंद्र को सीधे कक्षा 12वीं में दाखिला दे दिया।



महेश कुमार गौतम, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय : मनमानी चरम पर !




उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी : यहां सिर्फ महेश राज चलता है।



शिवराज सिंह कुमरे, डीईओ : लापरवाहों को अभयदान दे बर्वाद किया शिक्षा ?

### डीईओ की मेहरबानी, शिकायतें खा रही हैं धूल

इस गंभीर अनियमितता की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी शिवराज सिंह कुमरे से सप्रमाण की गई है। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी स्थिति 'ढाक के तीन पात' जैसी बनी हुई है। आरोप है कि डीईओ कुमरे ने प्राचार्य महेश कुमार गौतम को मौन 'अभयदान' दे रखा है। शिकायतों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। विभाग की यह सुस्ती साफ इशारा करती है कि कहीं न कहीं ऊपर से नीचे तक सांठगांठ का जाल बिछा हुआ है।

**सीएम हेल्पलाइन पर भी 'गोलमोल' जवाब**

जब जिले के अधिकारियों ने आंखें मूंद ली, तो शिकायतकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन का दरवाजा खटखटाया। लेकिन यहाँ भी शिक्षा विभाग के जादूगरों ने अपना खेल दिखा दिया। जाँच और कार्रवाई के नाम पर विभाग ने सीएम हेल्पलाइन पर गुमराह करने वाले और गोलमोल जवाब भेजकर शिकायत को बंद कराने का प्रयास किया। जनता की उम्मीदों के केंद्र 'सीएम हेल्पलाइन' को भी इस मामले में ठगा जा रहा है।

हैरानी की बात यह है कि जब जागरूक नागरिकों ने इस मामले की तहकीकात की और दूसरे जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों से नियमावली मांगी, तो वहां से स्पष्ट जवाब मिला कि सीधे 12वीं में प्रवेश देना पूरी तरह नियम विरुद्ध है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर प्राचार्य गौतम के पास ऐसी कौन सी 'विशेषाधिकार' की शक्ति थी, जिससे उन्होंने नियमों को ठेंगा दिखा दिया?

**मनमानी का नतीजा, गिरता शैक्षणिक स्तर**

प्राचार्य की इस प्रशासनिक मनमानी और नियमों के उल्लंघन का असर विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण पर भी पड़ रहा है। जानकारों का कहना है कि जब मुखिया ही नियमों को तोड़कर 'बैकडोर एंट्री' कराने लगे, तो अनुशासन की उम्मीद किससे की जाए? इस वर्ष के परीक्षा परिणामों में भी प्राचार्य की इस कार्यप्रणाली का बुरा प्रभाव देखने को मिला है। नतीजा यह रहा की लगातार स्कूल का परिणाम गिर रहा है और प्राचार्य अपना जादूगरी दिखा रहे है।

**कब तक चलेगा रसूख का खेल?**

शिकायतकर्ता महेंद्र शाह मर्स्कोले और हर्ष नंदनवार, अब यह पूछ रहे हैं कि क्या उत्कृष्ट विद्यालय जैसे संस्थान अब रसूखदारों और रसूख रखने वाले प्राचार्य की निजी संपत्ति बन गए हैं? क्या नियम केवल आम छात्रों के लिए हैं? प्राचार्य को बचाने के पीछे जिला शिक्षा अधिकारी की क्या मजबूरी है? अगर समय रहते इस 'एडमिशन घोटाले' की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच नहीं हुई, तो शिक्षा विभाग की साख पूरी तरह जमींदोज हो जाएगी। फिलहाल, यह मामला पूरे नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है और विभागीय चुप्पी कई राज खोल रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक*** **संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायलयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433